## एक नजर में



### रोजगार मंडल ने स्वदेशी मेला लगाया

**उज्जैन।** आध्यात्मिक ब्राह्मण महिला और रोजगार इकाई ने स्वदेशी सामग्री निर्माण कर एवं हाथ से बनी हुई स्वदेशी वस्तुओं के द्वारा परिवार को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मेला रोजगार मंडल की अध्यक्ष उमा व्यास, महामंत्री समीक्षा व्यास के संयोजन में कॉसमॉस मॉल ट्रेजर बाजार नानाखेड़ा पर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री पं. रमाकांत शर्मा, मीना जूनवाल, महिला इकाई राष्ट्रीय पदाधिकारी अर्चना ज्ञानी, अंजना शुक्ला, मंजू व्यास, कविता शर्मा, सोनिया सहगल, मीना उपाध्याय, तरुणा जोशी, अलका व्यास, दीपिका त्रिवेदी, अनामिका व्यास, रमाकांत शर्मा, नवीन व्यास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। एग्जीविशन के पूर्व आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर एवं भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर मेले का शुभारंभ किया।



### घर-घर होगा भक्तांबर का पाठ

**उज्जैन।** जैना ग्लोबल धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास श्री सकल जैन समाज के द्वारा प्रेम बंधुत्व समन्वय सौहार्द तथा प्राणी मात्र के कल्याण की भावना के साथ प्रतिमाह सामूहिक घर-घर णमोकार महामंत्र तथा श्री भक्तांबर स्त्रोत्र का पाठ सकल जैन समाज द्वारा एक जाजम पर बैठकर किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 1008 श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर नमकमंडी उज्जैन पर गुणमालादेवी स्व. तनसुखलाल टोंग्या, संजय-नीरजा, अर्चित आशिका टोंग्या परिवार ने लाभ लिया। जैना ग्लोबल के अंतरराष्ट्रीय महासचिव सुनील जैन दोशी ने जैना ग्लोबल के कार्यों की जानकारी दी। टोंग्या परिवार का बहुमान कल्पनादेवी-विजयकुमार सुराणा अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष जैना ग्लोबल की ओर से सकल जैन समाज उज्जैन के अध्यक्ष दिनेशजैन सुपरफार्मा, सुनील जैन दोशी, जंबू जैन धवल ने तिलक लगाकर और मोतीमाला पहनाकर परिवार को अभिनंदन पत्र भेट किया। ऋतु कमल कुमार जैन, मेत्रीदूत, लक्ष्मी दोशी, नीता धवल ने परिवार की महिला सदस्यों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया। भक्तांबर पाठ के अवसर पर बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। टोंग्या परिवार की ओर से सभी उपस्थित समाज जनों को प्रभावना वितरित की गई।



### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को

**उज्जैन।** आद्य गौड़ सेवा न्यास उज्जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित की। उज्जैन ब्राह्मण गौरव के लिये संकल्पित ऐतिहासिक 24वॉ वर्ष हाईटेक और समग्र ब्राह्मण समाज का विश्वसनीय पूर्णत: नि:शुल्क कार्यक्रम अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसम्बर रविवार को शुभ कारज गार्डन, राजीव गांधी चौराहा, इंदौर महानगर में होगा। प्रविष्टि देने हेतु उज्जैन उप कार्य आदि गौड ब्राह्मण समाज ट्रस्ट 24 रामघाट उज्जैन अध्यश सतीशचन्द शर्मा की अध्यशता में परिचय सम्मेलन को सफल मनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें कविता शर्मा, सरोज शर्मा, उमा शर्मा, श्रध्दा शर्मा, उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा, सचिव स्वदेश शर्मा, भूपेन्द्र जोशी, सुरेश शर्मा, एसएन पाण्डे, प्रमोद जोशी, गणपतलाल शर्मा उपस्थित रहे।

### वार्ड 40 में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**उज्जैन।** सोमवार को वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत नगर निगम द्वारा निगम मद की राशि लगभग 16 लाख की लागत से क्षेत्र में सीमेंट कांक्रीट एवं नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में तथा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर की उपस्थिति में संपन्न किया हुआ। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत अमृत नगर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर के आसपास नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 16 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट एवं नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री आनंद खींची, पंकज मिश्रा एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे

### अतिक्रमण गैंग ने अवैध अतिक्रमण हटाया

**उज्जैन।** अतिक्रमण गैंग द्वारा शहर में प्रतिदिन अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिसके क्रम में सोमवार को गैंग द्वारा आगर रोड कृषि उपज मंडी के सामने चिमनगंज थाने वाली रोड पर रखे हुए टायरों को जब्त किया गया। जिसके कारण मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। इसी के साथ काल भैरव मंदिर क्षेत्र के बाहर से भी अवैध हाथ ठेले, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

## 300 दिन पुरानी सीएम हेल्पलाइन शिकायतें 2 दिन में निपटान कर जनता को सहूलियत पहुंचाए

### कलेक्टर ने दी सख्त चेतावनी, लेब भी पहुंचे, भावांतर योजना के पंजीयन में तेजी लाने के लिए निर्देश, लापरवाह अधिकारियों को नोटिस जारी होंगे

**उज्जैन।** आम जनता को सहूलियत पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि 300 दिनों तक से जो सीएम हेल्पलाइन की शिकायत है, पेंडिंग हैं, ,उन्हें 2 दिन में निपटाए और जनता की मदद करें, यदि ऐसा नहीं किया गया तो लापरवाह अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

कलेक्टर ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में लंबित शिकायतों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में 300 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का निराकरण अगले दो कार्य दिवसों में हर हाल में किया जाए। महिदपुर ब्लॉक के पशुपालन अधिकारी को लक्ष्यानुसार कार्य न करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के 76,392 वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए जाने की जानकारी दी गई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2327 कनेक्शन किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने सभी



अधिकारियों को ई-ऑफिस के लिए प्रशिक्षण दिलवाने और नगरीय निकायों में पारंपरिक अपशिष्ट के भराव क्षेत्र (डंपिंग साइट) न होने का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

### वरना अधिकारियों पर होगी कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस जारी

कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि समयावधि में शिकायतों का निराकरण न होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पटवारी, नायब तहसीलदार और तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर शिकायतकर्ताओं से सतत् संवाद कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों में लापरवाही बरतने पर उन्होंने बीएमओ खाचरौद को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास के मद्देनजर कलेक्टर ने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ और किश्त का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नागदा में अनाधिकृत डिस्पेंसरी संचालन पर एफआईआर नहीं करने के मामले में नागदा के बीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। मीटिंग में सामने आया कि आज तक 72,299 किसानों का पंजीयन हो चुका है। कलेक्टर ने 17 अक्टूबर तक पंजीयन कार्य की समय सीमा बताते हुए कृषि विभाग और डीआरसीएस को उन्हेल और नागदा में किसानों से समन्वय बनाने को कहा।

### हरिफाटक-मुरलीपुरा मार्ग के सैंपल लेने और सर्विस लेन बनाने के निर्देश

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार दोपहर विभिन्न निर्माण स्थलों और लोक निर्माण विभाग की टेस्टिंग लैब का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने टेस्टिंग लैब पहुंचकर क्यूब टेस्टिंग, कम्प्रेस टेस्टिंग, जीएमएम मशीन आदि मशीनों का कैलिब्रेशन देखा और जांच रिपोर्ट के रिकॉर्ड संधारण एवं जांच प्रक्रिया संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात, दोनों अधिकारियों ने नागझिरी दताना मार्ग पर चल रहे मार्ग निर्माण और सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुसार तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने विद्युत विभाग से समन्वय कर पोल शिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान, हरिफाटक से मुरलीपुरा तक किए जा रहे मार्ग निर्माण की प्रगति देखने के बाद कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्य के सैंपल लेने के निर्देश दिए। वहीं यातायात के सुचारु संचालन के लिए निर्माणरत मार्गों पर सर्विस लेन की कार्ययोजना बनाई जाए।

## ताजपुर के समीप पिता-पुत्र को डंपर ने कुचला, पुत्र की मौत

**उज्जैन। मक्सीरोड पर ताजपुर के समीप सोमवार दोपहर काम करने बाइक सवार पिता पुत्र को कुचल दिया। दुर्घटना में पुत्र की मौत हो गई पिता घायल हुए हैं।**

देवास के ग्राम बरखेड़ी में रहने वाला ओम वर्मा अपने पिता मोहनलाल वर्मा के साथ बाइक से उज्जैन आ रहा था। मक्सी रोड ताजपुर के समीप तेज गति से दौड़ते डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ओम की मौके पर ही मौत हो गई पिता गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने ओम वर्मा का परीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। पिता को उपचार के लिए भर्ती किया गया जिनके सिर में 10 टांके लगाए गए। दुर्घटना की जानकारी लगते ही पंवासा थाना पुलिस ताजपुर पहुंच गई थी। चालक डंपर लेकर भाग निकला था। ओम वर्मा और उसके पिता के साथ ही दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिवार और रिश्तेदार चरक अस्पताल पहुंच गए थे। परिजनों ने बताया कि ओम हेयर सेलून की दुकान संचालित करता था और दो बच्चों का पिता था। मक्सी रोड पर आए दिन डंपरों से दुर्घटना होने के मामले सामने आ रहे हैं 2 दिन पहले भी पंवासा के रहने वाले वृद्ध मोहनलाल सेर को डंपर ने कुचल दिया था। जिनकी हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया था। जहां से भोपाल उपचार के लिए भेजा गया है। दो दिन से वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। पूर्व में भी मक्सी रोड पर डंपरों से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें बच्चे महिला और युवाओं की जान जा चुकी है। बावजूद इसके इस मार्ग पर डंपरों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### कर्ज परेशान जहर खाने वाले युवक की मौत

उज्जैन। कर्ज से परेशान युवक ने 2 दिन पहले जहर खा लिया था जिसकी उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। छोटी मायापुरी में रहने वाला हरीश पिता जुझारलाल मालवीय 27 वर्ष मजदूरी करता था और एक बच्ची का पिता था। दो दिन पहले उसने जहर खा लिया था हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल लेकर आई। जहां भाई चिंटू ने बताया कि हरीश ने क्षेत्र में ही रहने वाले सूरज और सावन लोहार से रुपए उधार लिए थे। वह लगातार ब्याज भर रहा था लेकिन उसका कर्ज खत्म नहीं हो रहा था। सूरज और सावन लगातार रुपए लौटाने का दबाव बना रहे थे। जिससे परेशान होकर हरीश ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलोनियों में नालियों के ऊपर से अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए : निगम आयुक्त

**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 09 एवं वार्ड क्रमांक 10 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सफाई के साथ-साथ निर्माण कार्यों का क्षेत्रीय पार्षद एवं निगम अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।


निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राय: वार्डों में देखा जाता है कि क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नालियों के ऊपर तक अवैध निर्माण करते हुए फार्सियों से ढंक दिया है। जिसके कारण सफाई मित्रों को सफाई कार्य करने में परेशानी होती है। साथ ही नालियों की सफाई नहीं होने से निचले क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा कांजी हाउस खिड़क, भैरूनाला, तिलकेश्वर बस्ती, इमली तिराहा, लालबाई फूलबाई चौराहा, गणेश चौक इत्यादि क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा लालबाई फूलबाई चौराहा का निरीक्षण करते हुए चौराहे के विकास कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, गणेश चौक से भैरूनाला क्षेत्र में नालियों की सफाई करने, कांजी हाउस की जमीन पर विकास एवं निर्माण कार्य की योजना प्रस्तावित करने, तिलकेश्वर बस्ती के पीछे कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता पूर्वक एवं समय से किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही पीएचई विभाग के उपयंत्री को निर्देशित किया कि वार्डों में जहां पर भी पाइपलाइन लीकेज की समस्या है। तत्काल उसका संधारण किया जाए पानी का अपव्यय नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद गब्बर भाटी, सपना सांखला, उपायुक्त मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, सहायक यंत्री डीएस परिहार, कार्यपालन यंत्री पीसी यादव उपयंत्री प्रवीण वाडिया, निशा वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद में पेट्रोल छिड़कर किराना दुकान में लगाई आग

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम नरसिंहगढ़ में शिवनारायण पिता राजाराम प्रजापत की किराना दुकान पर दोपहर में गांव का रहने वाला अशोक मालवीय पहुंचा और कॉन्डम मांगने लगा। शिवनारायण ने किराना सामान मिलने की बात कहीं तो अशोक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उसने पास की चाय दुकान से गिलास उठाया और अपनी बाइक से पेट्रोल निकालकर गिलास में भरा पेट्रोल दुकान में छिड़क दिया और माचिस की तिली जलाकर फेंक दी। किराना दुकान भभक उठी, शिवनारायण ने खुद को बचाया और आसपास के लोगों की मदद से दुकान में लगी आग को बुझाया। आरोपी अशोक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। दुकान में आग लगने से 20 हजार का नुकसान होन पर शिवनारायण ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 326 (जी), 296, 351 (2) में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया और उसकी तलाश में दबिश देकर गांव से ही हिरासत में लिया गया है। जिसे सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

## तकनीकी साक्ष्यों खोज निकाला गुम हुआ टेबलेट

**उज्जैन।** 28 दिन पहले शासकीय स्कूल के अध्यापक का गुम हुआ टेबलेट और बेग पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर खोज निकला। अध्यापक ने टेबलेट मिलने पर पुलिस का आभार माना। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि 13 सितंबर को तिरूपति सेफरॉन कालोनी में रहने वाले शैलेन्द्र शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि वह उन्हेल शासकीय स्कूल में अध्यापक है। बेगम बस से उज्जैन आते वक्त उनका बेग गुम हो गया है, जिसमें सेमसंग कंपनी का टेबलेट ए-7 रखा हुआ था। टेबलेट को खोज निकालने की जिम्मेदारी आरक्षक विनोद कुमार को दी गई। 28 दिनों तकनीकी साक्ष्यों की जांच करने के बाद टेबलेट का ईएमआई नम्बर ट्रेस होते ही उसे खोज निकाला। अध्यापक को बेग गलती से बस में सवार एक बुजुर्ग अपने साथ ले गये थे, बेग को उन्होंने सुरक्षित रखा था। पुलिस ने उक्त बेग प्राप्त कर रविवार शाम अध्यापक को लौटा दिया। टेबलेट मिलने पर अध्यापक ने थाना प्रभारी और आरक्षक का आभार मना और बताया कि टेबलेट में स्कूल का लेखा-जोखा अपलोड था। उसमें सीम नहीं थी वह वॉयफॉय कनेक्ट कर चलाते थे।



**एक नजर** पहले नंदी हॉल में बैठकर पूजा की फिर गर्भगृह के बाहर से आशीर्वाद

## जशोदा बेन आम श्रद्धालुओं की तरह पहुंची महाकाल मंदिर



नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** पीएम मोदी की धर्मपत्नी जशोदा बेन सोमवार को उज्जैन यात्रा के दौरान महाकाल दर्शन करने पहुंची। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे। जशोदा बेन पूर्व में भी भगवान महाकाल के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए आ चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी वे एक आम श्रद्धालु की तरह ही मंदिर के नीलकंठ द्वार होकर ई-कार्ट से मंदिर पहुंची। पहले नंदी हाल में बैठकर उन्होंने ध्यान लगाया व पूजन किया। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से खड़े होकर आशीर्वाद लिया। पुजारियों ने जशोदा बेन को भगवान महाकाल पर चढ़ा वस्त्र और पुष्प माला पहनाई। बता दें कि जशोदा बेन की महाकाल में गहरी आस्था है। समिति की और उनका सम्मान भी किया गया।

### चामुंडा के दरबार में हुआ कन्या भोज, भंडारा

**उज्जैन।** शहर के मध्य स्थित श्री मां छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव के समापन पर भव्य कन्या भोज, भंडारे का आयोजन किया गया। पं. शरद चौबे, पं. सुनील चौबे एवं राजेंन्द्र शाह ने बताया कि नवरात्रि के पश्चात 12 अक्टूबर को भंडारे के साथ शिक्षा और खेल दोनों को जीवन में आवश्यक बताने के उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें झूले, चकरी के साथ बच्चों के लिये खेलकूद के संसाधन लगाए गए। सुहागन महिलाओं को साड़ी एवं सुहाग का सामान वितरण किया गया। कन्याओं को पुस्तक, पैंसिल, खिलौने सहित आकर्षक उपहार भेंट किये गये। आयोजन में मुख्य रूप से मंदिर के पुजारी पं. शरद चौबे, पं. सुनील चौबे, पं. निखिल चौबे, राजेंद्र शाह, पं. वेदांत चौबे, पंकज सूर्यवंशी, श्याम राठौर, ओम नहाटा, धीरेंद्र नहाटा, अक्षत यादव, संदीप परमार, विशाल सिनोरिया, वरुण पांड्या, शैलेंद्र लोणावत, संजय सक्सेना, मोनू राजवानी सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु एवं भक्त समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रतिवर्ष श्री मां छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति द्वारा नवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है। जिसमें कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।